राजस्थान सरकार

शांति एवं अहिंसा विभाग

विज्ञप्ति संख्या-01

क्रमांकः प31(3)शा.अ./2023 दिनांकः 13.08.2023

महात्मा गांधी सेवा प्रेरक हेतु आवेदन आमंत्रण

शांति एवं अंहिसा विभाग द्वारा राज्य के सभी जिलों के सभी राजस्व ग्रामों एवं शहरी क्षेत्र के सभी वार्डों में 50 हजार महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों को एक वर्ष के लिए मानदेय पर लिये जाने हेतु ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। पदों की संख्या में कमी/ वृद्धि की जा सकती है।

01 अर्हता/ योग्यता	महात्मा गांधी सेवा प्रेरकों के चयन हेतु न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 10+2 अथवा समकक्ष होगी। महात्मा गांधी दर्शन प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने वाले प्रमाण पत्र धारक, Scout, Guide, NCC/NYK Certificate धारी, सुरक्षा सखी, पुलिस मित्र, पूर्व बजट घोषणा में चयनित महात्मा गांधी सेवा प्रेरक एवं महिला SHG को प्राथमिकता दी जायेगी।
02 आवेदन	आवेदक अपनी ग्राम पंचायत/ राजस्व ग्राम/ शहरी वार्ड के लिए ही आवेदन कर सकेगा। एकाधिक स्थानों हेतु किये गये आवेदन जिला स्तरीय पेनल द्वारा अस्वीकार कर दिये जायेगे।
03 आयु सीमा	न्यूनतम 21 वर्ष एवं अधिकतम 50 वर्ष होगी।
04 मानदेय	महात्मा गांधी सेवा प्रेरक को 4500 रू प्रतिमाह नियत मानदेय देय होगा। उक्त के अतिरिक्त कोई भत्तें आदि देय नहीं होंगे।
05 चयन प्रक्रिया	अभ्यर्थियों का चयन साक्षात्कार समिति के माध्यम से होगा।
06 आवेदन की तिथि	दिनांक 16.08.2023 से 29.08.2023 तक

- ऑनलाइन आवेदन हेतु एस.एस.ओ. पोर्टल http://sso.rajasthan.gov.in से login करने उपरान्त, Citizen Apps (G2C) में उपलब्ध Recruitment Portal पर जाकर ऑनलाईन आवेदन पत्र भरा जा सकता है।
- विज्ञप्ति के संबंध में विस्तृत जानकारी हेतु शांति एवं अहिंसा विभाग की वेबसाईट peaceandnonviolence.rajasthan.gov.in से प्राप्त की जा सकती है।

शासन सचिव
शान्ति एवं अहिंसा विभाग

DIPR/C/11936/2023